Bharat Temples

साईं तेरी याद महा सुखदाई,
बाबा तेरी याद महा सुखदाई,
एक तु ही रखवाला जग में,
तू ही सदा सहाई,
तू ही सदा सहाई,
साईं तेरी याद महा सुखदाई।।

तुझको भूला जग दुखियारा,
सुमिरण बिन मन में अँधियारा,
तुने कृपा बरसाई,
तुने कृपा बरसाई,
साईं तेरी याद महा सुखदाई।।

मन ही मन है तेरा द्वारा,
बैठ यही पे तुझको पुकारा,
प्रेम की ज्योत जगाई,
प्रेम की ज्योत जगाई,
साईं तेरी याद महा सुखदाई।।

साँची प्रीत तुम्हारी दाता,
इस जग का सब झूठा नाता,
है चरणन शरणाई,
है चरणन शरणाई,
साईं तेरी याद महा सुखदाई।।

साईं तेरी याद महा सुखदाई,
बाबा तेरी याद महा सुखदाई,
एक तु ही रखवाला जग में,
तू ही सदा सहाई,
तू ही सदा सहाई,
साईं तेरी याद महा सुखदाई ।।

Singer Ranjeet Raja

Source: https://www.bharattemples.com/sai-teri-yaad-maha-sukhdai-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw